भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-1067**

उत्तर देने की तारीख-02/12/2024

## युवा

## संगम कार्यक्रम

**1067. श्री राधेश्याम राठिया:**

**श्री कंवर सिंह तंवरः**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश के विभिन्न भागों, विशेषकर छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में आयोजित किए गए युवा संगम कार्यक्रम और अन्य कार्यक्रम जो छात्रों के लिए जीवन में परिवर्तनकारी बहुआयामी अनुभव है, का जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त कार्यक्रमों के अंतर्गत शामिल विशिष्ट क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश के विभिन्न राज्यों, विशेषकर उत्तर प्रदेश में उक्त कार्यक्रम के पांचवें चरण के लिए चयनित संस्थानों की कुल संख्या का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क) और (ख): युवा संगम भारत सरकार की एक पहल है, जिसका उद्देश्य 18-30 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं के लिए एक राज्य से दूसरे राज्य में पर्यटन दौरे आयोजित करना है, जिसमें मुख्य रूप से उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) में पढ़ने वाले छात्र और कुछ ऑफ-कैंपस युवा शामिल होते हैं। यह जीवन के विभिन्न पहलुओं, विकासात्मक उपलब्धियों, हाल की उपलब्धियों और मेजबान राज्य में युवाओं के बीच जुड़ाव का एक गहन अनुभव प्रदान करता है। अपनी यात्राओं के दौरान युवाओं को पांच व्यापक क्षेत्रों - पर्यटन, परम्परा, प्रगति, परस्पर सम्पर्क और प्रौद्योगिकी के अंतर्गत बहुआयामी अनुभव प्राप्त होगा। यह कार्यक्रम अनुभवात्मक शिक्षा और भारत की समृद्ध विविधता के प्रत्यक्ष ज्ञान को आत्मसात करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की संकल्पना के अनुरूप है। अब तक प्रायोगिक चरण और युवा संगम के चार चरण पूरे हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश को सभी चरणों में शामिल किया गया है तथा छत्तीसगढ़ को प्रायोगिक चरण तथा चरण II, III और IV का हिस्सा बनाया गया है।

(ग): युवा संगम के चरण V के लिए देश में 20 उच्च शिक्षण संस्थानों का चयन किया गया है, जिसमें उत्तर प्रदेश से आईआईआईटी इलाहाबाद नोडल उच्च शिक्षण संस्थान है।

*****